हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 27 मार्च 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 चैनपुर में जिला पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन



## खबर संक्षेप

### अंडर-23 ट्रायल्स एवं अंडर-16 बोन टेस्ट की तैयारियां जोरों पर



**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने वर्ष 2026-27 के लिए युवा क्रिकेटरों के चयन ट्रायल्स एवं मेडिकल टेस्ट की रूपरेखा तैयार कर ली है। पुरुष एवं महिला अंडर-23 श्रेणी के राज्य स्तरीय ट्रायल्स अप्रैल में रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होंगे, जबकि अंडर-16 खिलाड़ियों के लिए बोन टेस्ट जिला स्तर पर निर्धारित तिथियों पर कराए जाएंगे। पुरुष अंडर-23 ट्रायल्स 4 अप्रैल को होगा। महिला अंडर 23 एवं सीनियर ट्रायल्स 9 अप्रैल को निर्धारित हैं। प्रत्येक जिले से अधिकतम 15 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनकी सूची 28 मार्च तक सीएससीएस को भेजनी होगी। अंडर-16 खिलाड़ियों के चयन से पूर्व बोन टेस्ट अनिवार्य है। सरगुजा जिले का टेस्ट 29 मार्च को होगा। इसी प्रकार कोरिया एवं जशपुर के टेस्ट भी 29 मार्च को आयोजित होंगे। अंडर 16 का कैंप 29 मार्च से मल्टीपरपज हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है जहां पूर्व में सलेक्ट खिलाड़ियों को अपने किट के साथ उपस्थित होना है साथ ही कैंप में अच्छे परफॉर्मेंस के आधार पर 16 खिलाड़ियों का सिलेक्शन किया जाएगा। सरगुजा क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ये ट्रायल्स युवा प्रतिभाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर मौका प्रदान करेंगे।

### वाहन की टक्कर से गंभीर वृद्ध ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** वाहन की टक्कर से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान होने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतक विवाह के लिए लड़की देखने गया था वहां से वापस आते समय रास्ते अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम नवगई निवासी अमर सिंह आ. स्व. माना (60 वर्ष) 23 मार्च को गांव के ही गजेन्द्र सिंह, रतिराम व पारस के साथ बेटा के विवाह के लिए ग्राम अमगांव में लड़की देखने जाने की बात कर निकला था। चारों अलग-अलग बाइक से अमगांव गए थे जहां से बाकी तीनों लोग वापस गांव लौट आए जबकि अमर सिंह अमगांव में ही अपने घर रुक गया। इसी बीच शराब पीने के पश्चात घर वापस लौट रहा था तभी ग्राम तिलसवा के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण सड़क किनारे अचेत हालत में पड़ा हुआ था। घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# एक ऐसा मंदिर जहां देवी स्वरूप में होती है खड्ग एवं नगाड़े की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में एक ऐसा प्राचीन देवी मंदिर है जहां देवी की प्रतिमा स्थापित नहीं की गई है। मंदिर में खड्ग एवं नगाड़ा की स्थापना की गई है। मंदिर में स्थापित नगाड़ा को ही देवी का स्वरूप मानकर नवरात्रि में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है।

सरगुजा प्राचीन दण्डकारण्य के बीहड़ वन का प्रमुख हिस्सा रहा है। मान्यता है कि अपने वनवास काल में भगवान राम ने रामगढ़ की कंदराओं में लम्बे समय तक निवास किया था। सरगुजा के विभिन्न अंचलों में मिले प्राचीन मंदिरों के अवशेष इसके अध्यात्मिक महत्व को प्रतिपादित करते हैं। इसे सरगुजा के ऋषमुनियों की तपस्थली भी माना जाता है। यहां शैव एवं शाक्त परम्परा के कई प्राचीन मंदिर है जो प्राचीन काल में सरगुजा की आध्यात्मिक सिद्धियों को साबित करने के लिए पर्याप्त माना जाता है। देवी महामाया सरगुजा की अराध्य हैं विभिन्न रूपों में पूरे जिले में भी इनकी पूजा अराधना की जाती है। बलरामपुर जिलान्तर्गत ग्राम पंचायत चलगली में मां महामाया का एक ऐसा मंदिर है जहां देवी के स्थान पर खड्ग एवं नगाड़ा की स्थापना की गई है तथा क्षेत्रवासी नगाड़ा के स्वरूप में ही देवी की पूजा-अर्चना करते हैं। क्षेत्रवासियों की देवी के प्रति अगाध श्रद्धा है। क्षेत्रवासी देवी को महामाया बड़की माई के नाम से पूजते है। शंकरगढ़ का जमीनदार परिवार बड़की माई को अपनी कुलदेवी मानता हैं वहीं आदिवासी समाज के लोग देवी की पूजा किए बिना कोई भी शुभकार्य नहीं करते। प्राचीन मान्यता है तत्कालीन सरगुजा महाराज किसी युद्ध में शामिल होने जा रहे थे। पहले उन्होंने बेसरापाट पहाड़ी की कंदरा में स्थापित खड्ग एवं नगाड़ा स्वरूप में स्थापित देवी महामाया बड़की माई की पूजा की फिर युद्ध के लिए सैनिकों के साथ रवाना हुए। युद्ध में विजयी होने पर लौटते समय वे दोबारा देवी की पूजा करने पहुंचे। इस दौरान उन्हें देवी के नगाड़ा एवं खड्ग स्वरूप को अपनी तत्कालीन राजधानी बिश्रामपुर में स्थापित करने इच्छा हुई। देवी स्वरूप को हाथी से लाया जा रहा था। चार किमी का सफर के बाद हाथी चलगली स्थित एक पीपल पेड़ के पास पहुंचकर बैठ गया। महावत ने हाथी को उठाने का अनेको बार प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। महाराज के आदेश पर वहीं झोपड़ी तैयार कर नगाड़ा व खड्ग को स्थापित किया गया। बाद में पक्के मंदिर का निर्माण किया गया। जो महामाया बड़की माई मंदिर के नाम से विख्यात है।

### शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि को बदला जाता है नगाड़े का कलेवर, देवी के प्रति सभी समुदाय के लोगों की है गहरी आस्था

#### पंचमी को बदलता है कलेवर

परम्परानुसार शारदीय नवरात्र के दौरान पंचमी तिथि को नगाड़ा का कलेवर बदला जाता है। घसिया समाज का एक मात्र परिवार नगाड़ा का कलेवर बदलता है तथा पंचमी तिथि को देवी स्वरूप में नए कलेवर में नगाड़ा की स्थापना की जाती है। मंदिर में नगाड़ा के स्थापना की विधि भी अनूठी है। जमीनदार परिवार के वरिष्ठ सदस्य, जनजातीय समाज का बैगा एवं नीवन स्वरूप प्रदान करने वाला घसिया परिवार का नगादची सदस्य एक साथ पूजा-अर्चना कर देवी स्वरूप में नगाड़ा की स्थापना करते हैं। अन्य देवी मंदिरों में सप्तमी तिथि से देवी की विशेष अराधना होती है जबकि चलगली स्थित महामाया बड़की माई मंदिर में नवरात्र की पंचमी तिथि से ही देवी की विशेष पूजा की जाती है।



#### नगाड़ा में है देवी का पिण्ड

पंचमी तिथि को ही पूजा के दौरान साल में एक बार नगाड़ा को बजाया जाता है। शंकरगढ़ जमींदार परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं गृहनिर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव बताते हैं कि क्षेत्रवासी नगाड़े को ही देवी का पिंड मानते हैं तथा श्रद्धापूर्वक सालोभर पूजा-अर्चना करते हैं। बड़की माई सभी वर्ग-समुदाय के लोगों की आराध्य देवी हैं। वे बताते हैं कि पिछले शारदीय नवरात्र में वे पंचमी की पूजा में शामिल हुए थे। क्षेत्रवासी रात्रि के दौरान नगाड़ा की आवाज गूंजने की बात कहते हैं।

#### बेसरापाट में भी होती है देवी की पूजा

बेसरापाट पहाड़ी के पास भी मंदिर का निर्माण किया गया है जहां पूरे साल दूर-दूर के श्रद्धालु पहुंचते हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिर में देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। साहित्यकार अजय चतुर्वेदी के अनुसार महामाया बड़की माई मंदिर में स्थापित नगाड़ा को ही देवी का स्वरूप माना जाता है तथा परंपरानुसार पंचमी तिथि को नगाड़ा का कलेवर बदला जाता है। सरगुजा के इतिहासकार गोविंद शर्मा ने बताया सरगुजा प्रारंभ से ही शक्ति की उपासना का प्रमुख केंद्र रहा है तथा यहां विभिन्न स्वरूपों में देवी महामाया की पूजा-अर्चना करने की परंपरा है।

### हवन पूजन के बाद कराया गया कन्या भोज

# महाअष्टमी पर मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब, दर्शन करने लगा तांता



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चैत्र नवरात्रि के महा अष्टमी पर देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान भक्तों ने मां महामाया मंदिर के साथ ही अन्य शक्ति पीठों में कतार में लगकर विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही अपने और परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। भक्तों ने घरों में भी हवन पूजन करने के साथ ही कन्या भोज का आयोजन किया।

चैत्र नवरात्रि पर सरगुजा का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु 9 दिनों का उपवास रखने के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे है। वहीं शहर को भी भगवा रंग से रंग दिया गया है। चैत्र नवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने चैती छठ करने के साथ अस्ताचल और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। सप्तमी के अवसर पर शहर में श्री राम सेना द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। गुरुवार को महा अष्टमी के अवसर पर देवी मंदिरों भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मां महामाया मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने कतार में लगकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके साथ ही लोगों ने अपने घरों में भी विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही हवन पूजन किया। सुबह से ही नगर के महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर, गायत्री मंदिर, वन देवी मंदिर समेत अन्य शक्तिपीठों में भक्त पहुंचने शुरू हो गए थे। लोगों ने कतार में लग कर माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिए। महा अष्टमी के मौके पर पूजा अर्चना करने के साथ ही भक्तों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। महा अष्टमी के मौके पर भक्तों ने मंदिरों के साथ ही घरों में भी विधान से पूजा अर्चना की।

भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के कड़ी इंतजाम किए गए थे। मंदिरों में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष जवानों को तैनात किया गया था। मंदीर में माता के दर्शन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।

#### कन्या भोज का हुआ आयोजन

महा अष्टमी के अवसर पर भक्तों ने घरो के साथ ही मंदिरों में कन्या भोज का आयोजन किया। इस दौरान विधिवत पूजा अर्चना व हवन पूजन उपरान्त महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, गायत्री मंदिर सहित अन्य मंदिरों में कन्या भोज कराया गया। लोगों ने मंदिरों में कन्या भोज के साथ ही अपने घरों में भी वृहद रूप से कन्या भोज का आयोजन किया। कन्याओं को विविध प्रकार के व्यंजन का भोज कराने के साथ ही उन्हें श्रृंगार सामग्री भेंट कर उनके आशीर्वाद लिए। वहीं शहर में जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### महाअष्टमी पर देवीधामों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, शाम तक दिखी लम्बी कतारें

**बिश्रामपुर।** चैत्र नवरात्रि के महा अष्टमी के दिन क्षेत्र के लिए श्रद्धा, आस्था और उत्साह भरा रहा,नवरात्रि के आठवें दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ की गई,सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई।क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर और स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर,केनापारा में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी,आसपास के गांवों के साथ-साथ दूर-दराज क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचे,महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं के साथ बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला,माता का दिव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा।



महाअष्टमी के अवसर पर व्रतधारी श्रद्धालुओं ने पूरे दिन उपवास रखकर माता की आराधना की,कई भक्तों ने विशेष अनुष्ठान, हवन और पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। परंपरा के अनुसार इस दिन कन्या भोज का आयोजन कराया गया।शाम के समय महाआरती का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही सिलफिली-महेशपुर के मध्य स्थित महामाया मंदिर, ग्राम संजयनगर महावीरपुर स्थित कालीघाट में भी भक्तों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना की।

### महाअष्टमी पहाड़ी मंदिर में हुआ कन्या पूजन

**रामानुजगंज।** रामनवमी के अवसर पर नगर के प्रमुख आस्था केंद्र पहाड़ी माई मंदिर और मां महामाया मंदिर में श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। मंदिरों के पट खुलते ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं और पूरा वातावरण भक्ति में सराबोर हो उठा। दूर-दराज से परिवार सहित पहुंचे भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के बावजूद मंदिर समितियों और प्रशासन की व्यवस्था संतुलित नजर आई। पहाड़ी मंदिर में विशेष रूप से कन्या पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वही महामाया मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। माता के दरबार में श्रद्धालुओं ने नारियल, फूल-माला अर्पित कर पूजा-अर्चना की और परिवार की खुशहाली की कामना की। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त पूजा अर्चना व दर्शन करने पहुंचे। नपा अध्यक्ष एवं रामनवमी आयोजन समिति प्रमुख रमन अग्रवाल के नेतृत्व में मंदिरों की साज-सज्जा, साफ-सफाई और व्यवस्था किया गया था।



### रामगढ़ में महिला उत्थान कल्याण समिति श्रद्धालुओं को वितरण किया गुड़ चना

**अम्बिकापुर।** महिला उत्थान कल्याण समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा कार्य के तहत श्रद्धालुओं के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। समिति की अध्यक्ष सरिता महंत के नेतृत्व में रामगढ़ में श्रद्धालुओं को चना, गुड़ एवं फल वितरित किया गया। इस दौरान समिति की सदस्य पूजा दुबे, आरती यादव, फेम, प्रतिभा सिंह, सविता दास, सुमित्रा सिंह तथा उपाध्यक्ष सुनीता अजगले उपस्थित रहीं।



### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाओं की मौत, दो ग्रामीण गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चांदो पुलिस थाना अंतर्गत अलग-अलग हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाओं की मौत हो गई वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर आवागमन ठप कर दिया। ग्राम भेदमी स्थित कनहर नदी पुलिया के पास गुरूवार को तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मां-बेटी की मौत हो गई तथा बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

■ तेज रफ्तार हाइवा एवं बाक्साइट लोड ट्रक ने मारी टक्कर

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामप्रीत नगेशिया अपनी मां एवं नानी के साथ बाइक से ग्राम बैरडीह कला महुआ बीनने जा रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहा तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बेचू साव के घर में जा घुसा। इस दौरान अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से सभी बाइक सवार दूर फेंका गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बाइक चला रहे रामप्रीत की मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल नानी ने इलाज के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। दुर्घटना में रामप्रीत गंभीर रूप से घायल हो गया है तथा उसका एक पैर कट गया है। चिकित्सक उसकी स्थिति गंभीर बता रहे हैं। सूचना पर गणेश मोड़ पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजवाया। दूसरी घटना ग्राम कंदरी की है जहां बॉक्साइट लोड ट्रक का चालक विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार सद्दाम खान को रौंद दिया तथा ट्रक लेकर फरार हो गया। दुर्घटना में सद्दाम के सिर एवं पैर में गंभीर चोटें आई हैं। उसकी गंभीरता को देखते हुए चोटें आई हैं। चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया है। दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर मार्ग से आवागमन बाधित कर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन पर प्रतिबंधित मार्ग से ट्रक संचालकों को बॉक्साइट परिवहन की छूट देने एवं ट्रक चालक के नशे में होने का आरोप लगाया है। पुलिस एवं राजस्व अधिकारियों की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त किया तब आवागमन सुचारू हुआ।

www.ilshospitals.com

ILS HOSPITALS | TRUSTED FOR 25 Years IN EASTERN INDIA

समर्पित डॉक्टर्स की टीम

जो आपकी सेहत पर कभी समझौता नहीं करती

गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, लिवर और पैनक्रियाटिक कैंसर की समस्याओं के लिए अब विशेषज्ञ परामर्श

अम्बिकापुर में उपलब्ध

28 मार्च 2026

सुबह 11:00 से दोपहर 03:00 बजे तक

संजीवनी अस्पताल अम्बिकापुर

7400987422



डॉ अजीत मिश्रा

MBBS, MS, MCh, Fellowship in Liver Transplant

गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, एचपीबी एवं लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन

16 वर्षों का अनुभव

उपचार एवं सुविधाएं:

- गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर
- हेपेटोबिलियरी एवं पैंक्रियाटिक सर्जरी
- लिवर ट्रांसप्लांटेशन
- मिनिमल इनवेसिव एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- कोलोरेक्टल एवं इसोफैगल कैंसर
- बिलियरी ट्रैक्ट ट्यूमर
- बैरियाट्रिक एवं मेटाबोलिक सर्जरी
- जटिल मल्टी-ऑर्गन रीसैक्शन
- मिनिमल इनवेसिव हर्निया सर्जरी

मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल चेन | अत्याधुनिक मूल सुविधाएँ

60K+ मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार

ILS CARE RAIPUR 0771 488 8000 PACHPEDI NAKA

24X7 इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर

Khanna

### मास्टर शेफ इंडिया में चयनित होकर प्रदेश और सरगुजा का बढ़ाया मान

# यास्मीन देश और दुनिया में पहुंचाना चाहती है आदिवासी व्यंजनों का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कहते है जहां चाह होती है वहां राह होती है और ऐसा ही कुछ कर दिखाया है शहर की यास्मीन अंसारी ने। बचपन से कुकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का सपना देखने वाली यास्मीन अंसारी ने ना सिर्फ भारत के सबसे बड़े कुकिंग कॉम्पटीशन मास्टर शेफ इंडिया चयनित होने में सफलता हासिल की बल्कि अपने व्यंजनों के माध्यम से सरगुजा और छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया। मास्टर शेफ इंडिया की प्रतियोगिता के दौरान यास्मीन ने लाल चीटी से विशेष डिश तैयार की। इसके साथ ही महुआ के फूल का जैम, लकड़ा फूल का सॉरबे, गोभी का पन्ना कोटा, पलाश के फूल से बना बटरफ्लाई एलिमेंट बनाकर आदिवासी संस्कृति, सभ्यता और व्यंजनों को देशभर में पहुंचाने का काम किया है। मास्टर शेफ में हिस्सा लेकर प्रदेश और जिले का नाम रौशन करने वाली यास्मीन अंसारी ने पत्रकारों से चर्चा की। यास्मीन ने बताया कि मास्टर शेफ इंडिया में उन्होंने चार महीने तक हिस्सा लिया और तरह तरह के व्यंजन बनाकर सरगुजा और छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के भोजन से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस सफर में परिवार और पति का भरपूर सहयोग मिला। अब उनका लक्ष्य आदिवासी क्षेत्र के विलुप्त होते व्यंजनों को नए तरीके से देश और दुनिया के सामने प्रस्तुत करना है।




शहर के रसूलपुर निवासी यास्मीन अंसारी वर्तमान में बेंगलुरु में निवास करती है और उन्होंने अपने भाई महफूज अंसारी के साथ मास्टर शेफ इंडिया की प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। पत्रकारों से चर्चा के दौरान यास्मीन ने बताया कि बचपन में जब वे कुकिंग प्रतियोगिता टीवी ⏭ शेष पेज 4 पर

#### शुरू हुआ ट्राइबल टू ग्लोबल का सफर

यास्मीन ने बताया कि फाइनल राउंड में उन्हें एक सेवरी और एक स्वीट डिश तैयार करनी थी लेकिन प्रेजेंटेशन के लिए एक ही डिश चुननी थी। इस चुनौती को उन्होंने अपनी अनूठी सोच से खास बना दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के ट्राइबल इंग्रीडिएंट्स को इंटरनेशनल स्टाइल में पेश करते हुए एक बेहद एडवांस डिश तैयार की। इसमें बकवीट से बनी फिलो पेस्ट्री, महुआ का जैम, लकड़ा फूल का सॉरबे, गोभी का पन्ना कोटा, पलाश के फूल से बना बटरफ्लाई एलिमेंट और रेड ऐंट का रिवर्स स्फेरिफिकेशन शामिल था। यह डिश न केवल स्वाद में बेहतरीन थी, बल्कि तकनीकी रूप से भी अत्यंत जटिल और आधुनिक थी। जजेस ने इसे मिशलिन ग्रेड तक का दर्जा दिया। उनके द्वारा बनाए गए व्यंजनों की जजेस ने जमकर तारीफ की। कार्यक्रम में ट्राइबल टु ग्लोबल के सफर की शुरुआत हुई और उन्हें मास्टर शेफ के किचन में प्रवेश मिला। इसके साथ ही यास्मीन और महफूज को मास्टर शेफ का एप्रन प्रदान किया।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जनगोष्ठी कल

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा को 100 वर्ष पूर्ण होने पर 28 मार्च को प्रमुख जनगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला संघ चालक नरेश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 मार्च को दिव्यलोक महलपारा बैकुंठपुर में अपरान्ह 3 से सायं 6 बजे तक प्रमुख जनगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसमें समाज को नेतृत्व एवं दिशा देने वाले प्रमुखजन के साथ संवाद के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया है। श्री सोनी ने जानकारी दी कि आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मध्य क्षेत्र प्रचार प्रमुख केन्द्र भोपाल कैलाश चंद उपस्थित रहेंगे।

### राजस्व पखवाड़ा, गांवों में पहुंचेगा प्रशासन

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाते हुए राजस्व पखवाड़ा का विस्तृत ग्रामवार शेड्यूल जारी कर दिया है। इस अभियान के तहत तहसील मनेन्द्रगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों के 100 से अधिक गांवों में शिविर लगाए जाएंगे, जहां पटवारी और राजस्व अमला मौके पर ही समस्याओं का समाधान करेंगे। यह विशेष अभियान तीन चरणों में 1 से 15 अप्रैल, 4 से 18 मई और 1 से 15 जून तक संचालित होगा।

### अनूपपुर में 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अनूपपुर द्वारा विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. एससी राय सहित जिला चिकित्सालय के स्टॉफ उपस्थित रहे।

### छग धर्म स्वातंत्र्य विधेयक समाज में सकारात्मक संदेश

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन द्वारा प्रस्तुत धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2026 को समाज में व्यापक सराहना मिल रही है। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया जा रहा है।



विश्व हिंदू परिषद के प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख अमित श्रीवास्तव ने इस विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि यह कानून समाज में पारदर्शिता, न्याय और धार्मिक स्वतंत्रता के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से किसी भी प्रकार के अवैध, प्रलोभन या दबाव के आधार पर होने वाले धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

## हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन, भक्तिमय रहा शहर

# देवी मंदिरों में उमड़ी आस्था की भीड़







हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चैत्र नवरात्र के महाष्टमी पर गुरूवार को जगह -जगह हवन पूजन एवं भोग भंडारा का कार्यक्रम चलता रहा, इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो चला था। शहर के निकट झुमका बांध तट स्थित माँ रमदईया धाम में काफी संख्या में महाष्टमी के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर माता के दरबार में मत्था टेका एवं पूजा-अर्चना कर मनोकामना की।

इस अवसर पर कोरिया एवं एमसीबी जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही, सुबह से ही श्रद्धालु देवी मंदिरों में पहुंच पूजा-अर्चना करते रहे। इस दौरान देवी मंदिर परिसर में हवन अनुष्ठान का कार्यक्रम भी चलता रहा और भोग भंडारा कार्यक्रम भी आयोजत हुए, जहां दोपहर बाद तक श्रद्धालुओं द्वारा भंडारा का प्रसाद ग्रहण करते रहे। जानकारी के अनुसार चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि गुरूवार को ही दोपहर में लग गई थी, लेकिन उदया तिथि के कारण नवमी तिथि शुक्रवार को मनाया जाएगा। 27 मार्च को अंतिम दिन भी देवी मंदिरों में माता का श्रृंगार कर विशेष रूप से विधि पूर्वक पूजा-अर्चना की जाएगी। अंतिम दिन होने के कारण आज भी सुबह से ही देवी मंदिरों में माता के दर्शन करने एवं पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ जुटेगी। उल्लेखनीय है कि विगत 19 मार्च से चत्र नवरात्र की शुरूआत हुई और पूरे नौ दिनों तक शक्ति की देवी की आराधना विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता रहा और आज अंतिम दिन नवमी तिथि को देवी मंदिरों में हवन-पूजन अनुष्ठान के साथ महाभोग चढ़ाया जाएगा, इसके साथ ही नौ दिनों दिनों तक चलने वाला चैत्र नवरात्र की धूम समाप्त हो जाएगी।

### रमदईया धाम में स्वास्थ्य शिविर

संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देश तथा कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला आयुष विभाग द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर जिले के प्रसिद्ध रमदईया मंदिर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में विशेष रूप से बालिकाओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गइं। जिला आयुष अधिकारी डॉ. एलविना ग्रेस टोप्पो ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश में पहली बार कोरिया जिले में इस प्रकार की पहल की गई है, जिसमें 150 से अधिक श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को निःशुल्क 20 एमएल पानकम वितरित किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि रामनवमी के दिन



भी इसका वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पानकम बनाने में सोंठ, गुड़, इलायची, तुलसी, काली मिर्च, नींबू एवं भीमसेनी कपूर का उपयोग किया गया है। यह पेय गर्मी के मौसम में पेट की गर्मी से राहत देता है, पाचन शक्ति को मजबूत करता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होता है, इसे उपवास के दौरान भी सेवन किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पानकम (जिसे पानक या पानगम भी कहा जाता है) दक्षिण भारत का एक पारंपरिक मीठा पेय है, जिसे विशेष रूप से रामनवमी सहित अन्य हिंदू त्योहारों पर प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है, खासकर गर्मियों के मौसम में।

### जगह-जगह कन्या पूजन का आयोजन

चैत्र नवरात्र के महाष्टमी तिथि को विभिन्न देवी मंदिरों के साथ कुछ श्रद्धालुओं के द्वारा कुंवारी कन्याओं का विधि पूर्वक पूजा-अर्चना किया गया। इस दिन कई श्रद्धालुओं द्वारा अपने मोहल्ले की छोटी कन्याओं को अपने घर में आमंत्रित कर श्रद्धापूर्वक भोग प्रसाद खिलाया गया और उन्हें दान कर विदा दी गई। इसी तरह कई देवी मंदिर परिसर में महाष्टमी तिथि पर भोग भंडारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। 27 मार्च को नवमी पर कन्या भोज का आयोजन होगा।

### आज होगा जवारा विसर्जन

नवरात्र की शुरूआत 19 मार्च से हुई और पहले ही दिन जवारा बोया गया और इसके बाद से देवी माँ के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना होती रही, इसके बाद आज नवमी तिथि को सभी जगहों पर बोए गए जवारा का 27 मार्च को नवमी तिथि को जिले के गांव-गांव से जवारा विसर्जन की झांकी निकाली जाएगी। स्थानीय माँ रमदईया धाम परिसर से विशाल जवारा विसर्जन की झांकी धाम परिसर से निकाली जाएगा, वापस लौटकर जवारा विसर्जन किया जाएगा।

# स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टाफ डॉक्टर मिले नदारद

## कलेक्टर ने जताई नाराजगी, कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने पोड़ी-बचरा और चिरमी स्वास्थ्य केन्द्रों पर अचानक छापा मारा। निरीक्षण में कई डॉक्टर और कर्मचारी ड्यूटी से गायब मिले, साथ ही अस्पताल में गंदगी और अव्यवस्था का आलम भी सामने आया। हालात देखकर कलेक्टर ने मौके पर ही नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

▪ **कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी-बचरा में बीएमओ डॉ. बृजेश साहू, मेडिकल ऑफिसर डॉ. जितेन्द्र सिंह और डॉ. रोहित शर्मा, फार्मासिस्ट धातेश्वर सिंह सराठिया तथा नेत्र सहायक रोशन कुमार अनुपस्थित पाए गए वहीं, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरमी में भी मेडिकल ऑफिसर डॉ. विक्रम निराला और स्टाफ नर्स चंदारानी गैरहाजिर मिले। निरीक्षण के दौरान जब कलेक्टर वार्डों में पहुंची तो वहां गंदे बेडशीट, अव्यवस्थित बिस्तर और भोजन स्थल पर फैली गंदगी, दवाई के अव्यवस्थित रख-रखाव को देखकर वे भड़क उठीं। उन्होंने साफ कहा कि मरीजों के साथ इस तरह की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. प्रशांत सिंह को निर्देश दिए कि सभी अनुपस्थित डॉक्टरों और कर्मचारियों को शो-कॉज नोटिस जारी किया जाए। साथ ही उन्होंने सीएमएचओ की जिम्मेदारी तय करते हुए जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने के आदेश दिए। अस्पताल प्रबंधन को फटकार लगाते हुए कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यदि साफ-सफाई और व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सीधे कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



निरीक्षण करती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।

# भव्यता के साथ मनेगा हनुमान जन्मोत्सव



**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में झगराखंड रोड स्थित प्राचीन श्री दक्षिणमुखी 1008 हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती को लेकर हनुमान सेवा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 2 अप्रैल को होने वाले भव्य आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। सभी धार्मिक कार्यक्रम सर्वसम्मति से तय किए गए तथा सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गइं। समिति के नरेन्द्र अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल बुधवार को सुबह 8 बजे से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा, जो 2 अप्रैल को सुबह 8 बजे पूर्ण होगा, इसके पश्चात उसी दिन प्रातः 8 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। कलश यात्रा के पश्चात मंदिर में विधि-विधान से हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा। वहीं दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया है, इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति द्वारा आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। हनुमान सेवा समिति ने नगर के समस्त श्रद्धालुओं एवं प्रबुद्धजन से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित कार्यक्रमों में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### वीवीपैट और ईवीएम का त्रैमासिक भौतिक निरीक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग रायपुर के निर्देशानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वीवीपैट एवं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का त्रैमासिक भौतिक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत पूरी पारदर्शिता एवं सावधानी के साथ संपन्न कराया गया। निरीक्षण के दौरान वीवीपैट एवं ईवीएम मशीनों की भौतिक स्थिति, सील की सुरक्षा, स्ट्रांग रूम में सुरक्षित भंडारण व्यवस्था तथा तकनीकी कार्यप्रणाली का सूक्ष्म परीक्षण किया गया।

# नागपुर में आधुनिक उद्योगों से रूबरू हुए प्रतिभागी

**बैकुण्ठपुर।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की तकनीकी क्षमता, बाजार समझ एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की रैम्प योजना के अंतर्गत छग राज्य में सीएसआईडीसी के मार्गदर्शन में चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 23 एवं 24 मार्च को महाराष्ट के नागपुर स्थित पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क में दो दिवसीय एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में कोरिया, गौरेला- पेंड्रा- मरवाही एवं बस्तर जिलों से कुल 25 एमएसएमई उद्यमियों ने सहभागिता की। विजिट का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों को आधुनिक तकनीकों, उत्पादन प्रक्रियाओं, गुणवत्ता मानकों एवं बाजार तंत्र की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क, नागपुर के बिजनेस हेड एसके राणा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की एक्सपोजर विजिट उद्यमियों के लिए सीखने, नेटवर्किंग बढ़ाने एवं व्यवसाय में नवाचार अपनाने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। दो दिवसीय इस विजिट के दौरान उद्यमियों ने विभिन्न उद्योगों, प्रोसेसिंग यूनिट्स, क्लस्टरों एवं प्रशिक्षण संस्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें अत्याधुनिक उत्पादन तकनीकों, मशीनरी, गुणवत्ता नियंत्रण एवं प्रमाणन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सफल उद्यमियों एवं विशेषज्ञों के साथ संवाद कर व्यावसायिक अनुभवों का आदान-प्रदान भी किया गया।



# पशु औषधालय का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** जिले में पशु स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी बुधवार को चिरमी स्थित पशु औषधालय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर के अचानक पहुंचने से केन्द्र के कर्मचारी हड़बड़ाते नजर आए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने रजिस्टर पंजी, दवा वितरण और अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। कलेक्टर ने पंजी रजिस्टर का अवलोकन करते हुए पशुओं के टीकाकरण की प्रगति की जानकारी ली। टीकाकरण कार्य में सुस्ती पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पशुधन विकास विभाग के उप संचालक को निर्देशित किया कि जिले के सभी पशु औषधालयों का नियमित निरीक्षण किया जाए। कलेक्टर ने दवाइयों की उपलब्धता के साथ-साथ उनकी एक्सपायरी डेट की भी जांच की और आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला पशुपालन विभाग की उप संचालक डॉ. विभा बघेल को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशानुसार कार्य करते हुए पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाया जाए।

# तीन माह में 34 कर्मियों को समय पर पेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सेवानिवृत शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर पेंशन उपलब्ध कराने की दिशा में जिला कोषालय कोरिया द्वारा लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में बीते तीन माह में 34 पेंशन प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण कर संबंधित शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को समय पर पेंशन का लाभ प्रदान किया गया है। जिला कोषालय अधिकारी पीएस परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण आवश्यक दस्तावेजों सहित जिला कोषालय में प्रस्तुत किए जाते हैं। कोषालय स्तर पर इन दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच की जाती है और किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित विभाग को तत्काल सूचित किया जाता है। सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद ही पेंशन प्रकरणों का अंतिम निराकरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2025 में 15 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जबकि एक प्रकरण आवश्यक जानकारी के अभाव में लंबित रहा। इसी प्रकार दिसंबर 2025 में 11 प्रकरणों में पेंशन प्रारंभ की गई। जनवरी 2026 में 9 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जबकि 2 प्रकरण रायपुर एवं संबंधित विभाग के डीडीओ स्तर पर लंबित होने के कारण पेंशन प्रारंभ नहीं हो सकी।

उन्होंने जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों से अपील की कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पूर्ण एवं सही दस्तावेज समय पर जिला कोषालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि पेंशन स्वीकृति में किसी प्रकार की देरी नहीं हो।

# सेजेस खरवत के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**बैकुण्ठपुर।** सरगुजा ओलंपिक 2026 में कोरिया जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता का शुभारंभ गत दिवस मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अंतरराष्टीय कुश्ती खिलाड़ी श्रीमती गीता फोगाट की उपस्थिति में किया। कोरिया जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन रहा है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय खरवत के छात्रों ने वालीबॉल जूनियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसमे विद्यालय की छात्र प्रतिभा राजवाड़े कक्षा 12 वीं, मोनिका राजवाड़े कक्षा नवमी की छात्र सम्मिलित रही है, जिन्हें भारत के पूर्व पेशवर खिलाड़ी बाईचिंग भूटिया के द्वारा सम्मानित किया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और शिक्षको में हर्ष व्याप्त है।

# चैनपुर में जिला पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन



भूमिपूजन करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के विकास इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय उस समय जुड़ गया जब चैनपुर में 3 करोड़ 1 लाख 32 हजार की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक जिला पंचायत भवन का भव्य भूमि पूजन समारोह पूरे उत्साह, श्रद्धा और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भूमि पूजन से हुई, जिसे मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के करकमलों द्वारा संपन्न किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और काफी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को जनभागीदारी का अद्भुत स्वरूप प्रदान किया। भूमि पूजन के उपरांत राष्ट के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए राष्टीय गीत का सामूहिक गायन किया गया तथा छग की अस्मिता और गौरव को दशार्ते हुए राज्य गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। इसके बाद अतिथियों के स्वागत का क्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें सभी विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया। मंच पर मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह, जिला अध्यक्ष चंपादेवी पावले, मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रतिमा सरजू यादव, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, जिला पंचायत के सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि गरिमामयी उपस्थिति में रहे।

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 05 अप्रैल, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल — 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर — 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल — 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 08 अप्रैल, 2026, बुधवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप

### एसजीजीयू को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने की मांग,सौंपा ज्ञापन



**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने की मांग को लेकर भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ एवं सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मिश्रा ने सांसद चिंतामणि महाराज को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ एवं सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश मिश्रा ने बताया है कि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा उच्च शिक्षा का केन्द्र है, जो आदिवासी अंचल के युवाओं को उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है। छत्तीसगढ़ के 20 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र में अपनी शैक्षणिक सेवाएं प्रदान कर रहा है। इस क्षेत्र की 60 प्रतिशत आबादी आदिवासी है तथा शिक्षा का स्तर भी काफी पिछड़ा हुआ है। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय की स्थापना 2008 में की गई थी परन्तु अभी तक विश्वविद्यालय के पास उपयुक्त भवन व पर्याप्त मात्रा में शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी नहीं हैं, जिससे विश्वविद्यालय संसाधनों के अभाव में अपनी पूर्ण क्षमता से कार्य नहीं कर पा रहा है। अंबिकापुर क्षेत्र झारखण्ड व उड़ीसा से लगा हुआ है तथा वहां के छात्र यहां अध्ययन के लिए आते हैं। यदि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया जाता है तो यह विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के साथ-साथ झारखण्ड व उड़ीसा को भी अपनी शैक्षणिक सेवाएं प्रदान कर सकेगा। विश्वविद्यालय के संसाधनों की पूर्ति केन्द्र शासन द्वारा किए जाने पर अपनी पूर्ण क्षमता से इस क्षेत्र के शैक्षणिक विकास व प्रगति में सहायक होगा।

### भाजयुमो ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान



**अम्बिकापुर।** भाजयुमो जिला अध्यक्ष निशांत सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को गांधी चौक पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने एवं दो से ज्यादा लोगों को न बैठाने की सलाह दी साथ ही चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का आग्रह किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा की गारंटी है। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं स्वयं की लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। भाजयुमो का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों को जिम्मेदार बनाना है ताकि वे सुरक्षित अपने घर पहुंच सकें। इस दौरान मोर्चा की प्रदेश मंत्री सुश्री प्रिया सिंह, अनीश सिंह, अविनाश मंडल, शुभम सिंह भदौरिया, रिशु अंबष्ट, अनुराग शुक्ला, ओंकारेश्वर सिंह, अतीश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निधन

### ओमप्रकाश उपाध्याय



**बिश्रामपुर।** ग्राम सतपता निवासी रिटायर्ड कॉलरी कर्मी ओमप्रकाश उपाध्याय का 72 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। स्व. उपाध्याय व्याख्याता संतोष उपाध्याय, व्यापारी जयराम उपाध्याय के पिताश्री थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# कुसमी कालेज भवन की हालत खतरनाक, हालत ऐसी कि उखड़ने लगा प्लास्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

- छज्जा गिरने से कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना
- 16 साल बाद भी भवन की नहीं हुई मरम्मत

कुसमी महाविद्यालय की हालत काफी दयनीय हो गई है। देखरेख व समय पर मरम्मत नहीं होने से भवन की हालत ऐसी हो गई है अब छत, छज्जा सहित खिड़की दरवाजा टूटने लगी है। ऐसा नहीं है कि विद्यालय प्रबंधक द्वारा संबंधित विभाग को भवन की हालत से अवगत नहीं कराया है। बावजूद इसके भवन निर्माण के बाद आज तक भवन की मरम्मत नहीं हो सकी। आलम है कि प्राध्यापक जर्जर भवन में विद्यार्थियों को पढ़ाने को मजबूर है। ऐसे में अगर समय रहते भवन की मरम्मत या नए भवन का निर्माण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।



जर्जर महाविद्यालय।

कुसमी स्व. महली भगत शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण लगभग वर्ष 2008 में हुआ है, जहां सभी विषयों की पढ़ाई निरंतर जारी है। महाविद्यालय में योग्य प्राध्यापकों की नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा की गई है। भवन का बने हुए लगभग 18 वर्ष हो चुका है, शासन से कुल 9 एकड़ की भूमि महाविद्यालय के नाम से स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें एक एकड़ में लगभग महाविद्यालय भवन है जबकि शेष भूमि खाली पड़ा हुआ है। भवन की मरम्मत नहीं होने से छत, छज्जा , सहित खिड़की, दरवाजा की स्थिति काफी खराब हो चुकी है , लगभग सभी खिड़की , दरवाजा टूट गया है, वही छत की हालत ऐसी है कि बरसात के दिनों में सभी कमरे में पानी टपकता है। ऐसे मे महाविद्यालय में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों सहित प्राध्यापकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा भवन की छत और छज्जा काफी जर्जर हो गई और कई जगह से छत का प्लास्टर उखड़ कर गिर गए तो कई जगह छज्जा और प्लास्टर गिरने के कगार पर है। ऐसे मे समय रहते मरम्मत नहीं किया गया तो कभी भी प्लास्टर और छज्जा गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। भवन की हालत दयनीय होने पर महाविद्यालय प्रबंधक ने छत्तीसगढ़ शासन से इस भवन की मरम्मत या नया भवन बनाने की स्वीकृति राशि प्रदान करने की मांग की है जिससे विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को जर्जर भवन से निजात मिल सके।

#### नहीं है बाउंड्री वॉल

शासन से कुल 9 एकड़ की भूमि महाविद्यालय के नाम से स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें एक एकड़ में लगभग महाविद्यालय भवन है, शेष भूमि खाली पड़ा हुआ है। महाविद्यालय प्रांगण का बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण आए दिन बेजा कब्जा करने वाले व्यक्ति घर बनाने लगते है, बड़ी मशक्कत के बाद फिर बेजा कब्जा हटाते है। ऐसे में महाविद्यालय परिसर का बाउंड्रीवाल नहीं किया गया तो महाविद्यालय की भी पर अवैध अतिक्रमण हो सकता है।

#### नए भवन की मांग

विकासखंड कुसमी अंतर्गत सुदूर आदिवासी अंचल में मात्र एक ऐसा महाविद्यालय है, जहां काफी दूर दूराज क्षेत्र से छात्र /छात्राएं पढ़ाई करने आते है। महाविद्यालय में सभी विषयों की पढ़ाई अच्छी होती है लेकिन भवन की हालत जर्जर है। महाविद्यालय प्रबंधन सहित क्षेत्र के लोगों ने जर्जर महाविद्यालय की जगह नया भवन बनाने की मांग की है जिससे महाविद्यालय के छात्र /छात्राओं सहित प्राध्यापकों सुरक्षित रह सके।

#### भवन है काफी पुरानी

कुसमी महाविद्यालय भवन काफी पुरानी हो गई है। बरसात में हर कक्ष में सीपेज की समस्या होती है। छत का प्लास्टर उखड़ने से अब सरिया में दिख रहे है। नए भवन के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने की तैयारी है। नए भवन निर्माण से प्राध्यापकों सहित विद्यार्थियों को राहत मिलती।

-अशोक पैकरा
प्राचार्य महाविद्यालय कुसमी

## वन्यजीवों के शिकार के लिए बिछाया था 1.5 किमी परिधि में करंट युक्त जीआई तार

# शिकार के लिए बिछाए करंट की बाड़ की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग के सख्त निर्देशों के बावजूद ग्रामीण वन्य जीवों के अवैध शिकार के लिए वनों में धड़ल्ले से करंट की बाड़ लगा रहे हैं।

**खास बातें**
- मृतक चार साथियों के साथ जंगल गया था कंडी लेने
- घटनास्थल से 50 मीटर दूर पड़ा था सियार का शव

वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत ग्राम असकरा से सटे बड़ेरा भूसाखोल जंगल में ग्रामीणों द्वारा लगाए गए करंट की बाड़ के संपर्क में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। करंट के संपर्क में आने से एक सियार भी कुछ दूरी पर मृत मिला है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बतौली ब्लाक के अंतर्गत ग्राम मुर्ताडांड निवासी मिसरालाल यादव पिता काशी यादव पेशे से ट्रक चालक था तथा गांव में अपना नया घर बना रहा था। मंगलवार को वह ट्रक लेकर अपने घर पहुंचा तथा शाम ढलते ही गांव के अपने चार दोस्तों को साथ लेकर कंडी के लिए लकड़ी काटने के उद्देश्य से बड़ेरा भूसाखोल जंगल पहुंचा था। जंगल में मिश्रालाल टांगी लेकर आगे-आगे चल रहा था जबकि उसके दोस्त कुछ दूरी पर पीछे-पीछे चल रहे थे। रात्रि 7.30 बजे पहाड़ी क्षेत्र के बड़ेरा भूसाखोल जंगल में मिसरालाल 50 मीटर ही चला होगा की अचानक छटपटाने लगा तथा गिरकर अचेत हो गया। मिसरालाल को तड़पते हुए गिरते देख उसके दोस्त वहां से भाग खड़े हुए तथा फोन से घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज प्रजापति पुलिस बल एवं कुछ ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा एक साथ कई टॉर्च को जलाकर छानबीन की तो लंबी दूरी में करंटयुक्त जीआई तार मिला। उन्होंने सावधानी पूर्वक जीआई तार को काटकर अलग किया। सुबह ग्रामीणों एवं वनकर्मियों की उपस्थिति में पुलिस ने शव को बरामद किया तथा पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नर्मदापुर भेजवाया। पीएम उपरांत दोपहर बाद शव परिजन को सौंप दिया गया।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

#### 1.5 किमी परिधि में फैला था करंट

सुबह पुलिस ने घटनास्थल की जांच की तो पता चला जंगल के 1.5 किमी परिधि में आरोपियों ने छड़ बांधने वाले पतले जीआई तार को वन्यजीवों के शिकार के लिए फैलाया था। घटनास्थल से 50 मीटर दूर एक सियार का शव तार से चिपका हुआ पड़ा था। सियार की मौत भी करंट की बाड़ के संपर्क में आने से हुई है। छानबीन में जंगल से सटे ग्राम असकरा स्थित विद्युत पोल से नंगे जीआई तार से बिजली खींचने एवं 1.5 किमी परिधि में करंट की बाड़ बिछाने का खुलासा हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि बड़ेरा भूसाखोल जंगल में हिरण, जंगली सूअर सहित अन्य वन्य जीव मौजूद हैं जिनके शिकार के लिए ग्रामीण रात में योजनाबद्ध तरीके से करंट की बाड़ बिछाते हैं। मृतक भी अपने साथियों के साथ जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई करने गया था। घटना से मैनपाट के जंगलों में धड़ल्ले से पेड़ों की अवैध कटाई एवं वन्य जीवों का शिकार करने का खुलासा हुआ है।

#### पूर्व में हो चुकी हैं कई मौतें

मैनपाट के विभिन्न जंगलों में इसके पूर्व भी वन्य जीवों के शिकार के लिए करंट की बाड़ बिछाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। इसके चार वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत समनिया अंतर्गत ग्राम सिकरिया के ग्रामीणों ने जंगल में वन्य जीवों के शिकार के लिए करंट की बाड़ बिछाई थी। इस दौरान करंट की बाड़ के संपर्क में आने से शिकारियों के परिवार के ही एक सदस्य की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तीन साल पूर्व भी ग्रामीणों ने शिकार के लिए मड़वा सरई जंगल में करंट बिछाया था। करंट के संपर्क में आने से अपने रिश्तेदार के घर ग्राम भूसाखोल आ रहे ग्राम कोट-बंदना निवासी एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

#### 6 आरोपी भेजे गए जेल

बड़ेरा भूसाखोल जंगल में हाईबोल्ट करंट की बाड़ बिछाने एवं एक ग्रामीण व सियार की मौत होने के मामले में पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मड़ियाकोना स्थित 11000 केवी विद्युत पोल से जंगल के भीतर खुंटे के सहारे 1300 मीटर जीआई तार बिछाया था जिसे टीम ने जब्त कर लिया है। मामले में टीम ने ग्राम मड़ियाकोना निवासी जहूर पिता स्व.मानसाय उरांव (70वर्ष), जयपाल पिता रूपसाय (45वर्ष), धुरसाय पिता सुंदर मांझी (38वर्ष), विश्वनाथ पिता मंगल मांझी (46वर्ष) ग्राम धवईडीह निवासी निर्गल कुजूर पिता सोनसाय (65वर्ष) एवं श्याम सुंदर पिता निर्मल कुजूर (25वर्ष) को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। आरोपियों के विरूद्ध भारतीय वन संरक्षण अधिनियम 1972 एवं वन्यप्राणी संरक्षण संशोधन अधिनियम 2002 की कार्रवाई की गई है।

#### चल रही है पूछताछ

मामले में कुछ संदेहियों को हिरासत में लिया गया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

-मनोज प्रजापति, थाना प्रभारी, मैनपाट



# पुरुष कुश्ती में श्रीराम, महिला में कलशपाल बने चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- वॉलीबॉल में गजाधरपुर और कबड्डी में पचीरा ने मारी बाजी

कुदरगढ़ महोत्सव अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय खेल महाकुंभ का भव्य समापन हुआ। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और मां बागेश्वरी धाम ट्रस्ट कुदरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय कुश्ती, जिला स्तरीय वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुआ।

कुदरगढ़ में पहली बार अखिल भारतीय कुश्ती, उमड़ा पूरा जिला खेलकूद प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी मो. गौस बेग ने बताया कि कुदरगढ़ में पहली बार आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता ने उत्साह जगाया। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली के नामचीन पहलवानों ने अपने दमखम और कौशल का प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग का खिताब उत्तर प्रदेश के श्रीराम पहलवान ने जीता, जबकि महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की ही कलशपाल ने विजेता का ताज पहना। जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में इस बार रिकॉर्ड 22 टीमों ने भाग लिया। फाइनल में गजाधरपुर ने गोंदा को लगातार दो सेटों में 2-0 से हराकर विजेता बना। गोंदा उपविजेता और सूरजपुर तृतीय स्थान पर रहा। व्यक्तिगत पुरस्कारों में बेस्ट अटैकर नेगी गजाधरपुर, बेस्ट ब्लॉकर चमन सूरजपुर और मैन ऑफ द टूर्नामेंट हिमांशु रजक गोंदा रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में 19 टीमों के बीच तीन दिन चले कड़े मुकाबले में पचीरा टीम ने गत वर्ष के अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। फाइनल में पचिरा ने गंगोटी को 25-14 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। नरेशपुर तृतीय स्थान पर रहा। बेस्ट डिफेंडर प्रदीप राजवाड़े पचिरा, बेस्ट रेडर सत्या गंगोटी और मैन ऑफ द टूर्नामेंट अमन किंडो पचिरा को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, मां बागेश्वरी धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा और मेला अध्यक्ष भुवन प्रताप सिंह ने विजेताओं को ट्रॉफी एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण के पश्चात पामगढ़ के खिलाड़ियों द्वारा मलखंब का अद्भुत शौर्य प्रदर्शन किया गया, उन्हें भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन सीमांचल त्रिपाठी एवं अतुल चौबे ने किया। प्रतियोगिता के निष्पक्ष संचालन में संजय त्रिपाठी, रामजीत यादव, सहदेव राम रवि, राम सुभाष राजवाड़े, धर्मपाल रजक सहित अन्य सक्रिय रहे।

# लुंड्रा विधायक प्रबोध ने ग्राम कुन्नी में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

- सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**लखनपुर।** लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुन्नी में भेंट मुलाकात करने विधायक प्रबोध मिंज पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर पार्टी संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों से उनकी समस्या से रूबरू हुए। साथी फोन के माध्यम से अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने नवापारा से कुन्नी पहुंच मार्ग सड़क निर्माण का निरीक्षण करते हुए ठेकेदार और अधिकारियों से चर्चा कर गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण कार्य करने निर्देशित किया है। इस दौरान कुन्नी मंडल अध्यक्ष रवि महंत, विधायक प्रतिनिधि राकेश साहू, महामंत्री विक्रम सिंह, भैयालाल साहू, देवनारायण यादव, कुलदीप अग्रवाल, गुलाब प्रजापति, अजय सोनी, पारस राजवाड़े, सहदेव मझवार, हंस कुमार, संजय साहू, धर्मपाल राजवाड़े, पवन प्रजापति, आरती प्रजापति, अनूप सिंह, संजीव सिंह, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### फाल्स सिलिंग तोड़कर चोरों ने दुकान से पार किया 20 हजार का सामान

**अम्बिकापुर।** गौरव पथ स्थित दुकान के फाल सिलिंग को तोड़ कर चोरों ने दुकान से लगभग 20 हजार कीमत का सामान चोरी कर ले गए। दुकान संचालक ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर निवासी रतन यादव ने पुलिस को बताया कि बस स्टैण्ड गौरव पथ स्थित दुकान है जहां हर रोज की भांति बीती रात दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह दुकान खोला तो देखा दुकान का फाल सिलिंग टूटा तथा दुकान में रखे लगभग 20 हजार कीमत के सामान गायब थे। दुकान संचालक की शिकायत पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।



### बर्ड फ्लू को लेकर विभाग हुआ सतर्क सभी को सावधानी बरतने के निर्देश

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी जिला बिलासपुर में बर्ड फ्लू का प्रकोप फैलने की सूचना पर पशु चिकित्सा विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने जिले के सभी पोल्ट्री फार्म संचालकों को सावधानी बरतने एवं अपने फार्म में बाहर के व्यक्तियों एवं पक्षियों को प्रवेश नहीं देने की सलाह दी है।

पशु-पक्षियों में घातक बीमारी फैलने की दृष्टि से सरगुजा फिलहाल पूरी तरह सुरक्षित है। सरगुजा की निजी एवं शासकीय सभी पोल्ट्री फार्म निर्वाध गति से संचालित हैं तथा जिले के शासकीय एवं निजी फर्मों में रहने वाले कुक्कुट श्रेणी के सभी पक्षी पूरी तरह सुरक्षित हैं। सरगुजा के सभी पोल्ट्री फार्म संक्रामक बीमारियों से आगे भी सुरक्षित रहे इसलिए पशु चिकित्सा विभाग द्वारा विशेष सावधानी बरती जा रही है। उप संचालक डॉ.आरपी शुक्ला ने बताया कि मुर्गे-मुर्गी अत्यंत संवेदनशील होते हैं। बर्ड फ्लू प्रभावित पक्षियों अथवा संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों के संपर्क में आने से यह जीवाणु फैलता है। इसकी रोकथाम के लिए पोल्ट्री संचालकों को अपने फार्म की नियमित साफ-सफाई एवं सेनिटेशन कराने के साथ ही बाहर के व्यक्तियों एवं पक्षियों को प्रवेश नहीं देने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी कुक्कुट के परिवहन पर नजर रखने एवं नियमित कुक्कुट एवं अंडा का व्यवसाय करने वाली दुकानों, पोल्ट्री फार्मों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपसंचालक श्री शुक्ला ने बताया कि सरगुजा में बर्ड फ्लू का प्रभाव नहीं है लेकिन सभी पोल्ट्री संचालकों को कड़ी सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

# कार्यकर्ता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी : रामसेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- भाजपा मंडल शहर का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

भारतीय जनता पार्टी मंडल शहर द्वारा भाजपा कार्यालय में प. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत प्रशिक्षण वर्ग का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक उपलब्धियों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जो कार्यकर्ताओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

इस अवसर पर वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत और असली पूंजी होते हैं उनकी मेहनत, निष्ठा और समर्पण से ही संगठन मजबूत और सशक्त बनता है। कार्यकर्ता जितना सक्रिय और जागरूक होगा, संगठन उतना ही सफल होगा। हमारा दायित्व है कि हम हर कार्यकर्ता का सम्मान करें। संगठन की प्रगति का आधार ही कार्यकर्ता की शक्ति और एकजुटता है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीमसेन अग्रवाल ने कहा कि हमें दूसरों के साथ वैसा व्यवहार करना चाहिए जैसा हम अपने लिए अपेक्षा करते हैं। प्रशिक्षण हमें केवल जानकारी ही नहीं, बल्कि कार्य करने की सही दिशा और दृष्टि प्रदान करता है। जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने जिस समर्पण, अनुशासन और सक्रियता के साथ कार्य किया है, वह सराहनीय है। पूर्व जिला महामंत्री राजेश महलवाला ने कहा कि वैचारिक अधिष्ठान ही किसी संगठन की मूल शक्ति और पहचान होता है मजबूत विचारधारा हमें सही दिशा, स्पष्ट लक्ष्य और स्थिरता प्रदान करती है। विभिन्न सत्रों में रामकृपाल साहू, नूतन विश्वास, शशिकांत गर्ग, ललित गोयल, राजेश्वर तिवारी, नेहा तिवारी, देव गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता संदीप अग्रवाल, थलेश्वर साहू, अजय अग्रवाल, राजेश साहू, राजू देवांगन, शशिकिरण खेस, श्रवण गोयल ने की। इस दौरान अशरफ इराकी, भोलाशंकर साहू, प्यारे साहू, ललन सोनवानी, सहीम अंसारी, प्रदीप सोनी, आशीष गुप्ता, जितेंद्र शर्मा, किशन देवांगन, सरोज साहू, रोशनी सोनी, उर्मिला, ज्योति दास, सुषमा पांडेय, संतोष साहू, सुखराम कसेर, लोकनाथ बैगा, दिलीप साहू, राजू, मनोज, दीक्षित वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



प्रशिक्षण वर्ग में शामिल भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।






## खबर संक्षेप

### सीएम सुशासन फैलोशिप के तहत छात्रवृत्ति हेतु आवेदन 31 तक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवाओं को शासन एवं नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुशासन फैलोशिप की शुरुआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा नवंबर 2024 में की गई थी। यह फैलोशिप कार्यक्रम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर एवं छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, नीति निर्माण एवं क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करना है, जिससे शासन की प्रभावशीलता और दक्षता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को पूर्ण रूप से प्रायोजित शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें समस्त शिक्षण शुल्क का वहन राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक फेलो को प्रति माह 50 हजार रुपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम दो वर्षों की अवधि का होगा, जिसमें प्रतिभागियों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ राज्य शासन के विभिन्न विभागों एवं जिला कलेक्टर कार्यालयों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का चयन कैट स्कोर, समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। इस फेलोशिप के लिए केवल छत्तीसगढ़ के निवासी पात्र होंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार, आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। इसके पश्चात अभ्यर्थियों के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार (पीआई) 16 एवं 17 अप्रैल को आयोजित किए जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों का पंजीकरण एवं दस्तावेज सत्यापन 15 जून को संपन्न होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 16 से 20 जून तक तैयारी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जबकि 22 से 24 जून तक उद्घाटन एवं अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित होगा। नियमित कक्षाओं का संचालन 25 जून से प्रारंभ किया जाएगा।

### इंद्रावतीपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**बलरामपुर।** विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के ग्राम पंचायत इंद्रावतीपुर में 27 मार्च को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण िंविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

### चोरों ने अस्पताल एवं बाजार से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** शहर में एक बार फिर से बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। कभी चोर कोतवाली क्षेत्र में तो कभी गांधीनगर क्षेत्र से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। चोरों ने गांधीनगर व कोतवाली क्षेत्र से अलग-अलग घटनाओं में अस्पताल के सामने एवं बाजार से बाइक को पार कर दिया। पुलिस ने दोनों मामले में चोरी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कुसमी अंतर्गत ग्राम घुघरीकला निवासी बलेश्वर आ. लुडधू राम शहर के सुभाष नगर में किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करता है। रविवार को बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएन 2994 से बुधवारी बाजार अजिरमा सब्जी लेने गया था। मजदूर बाजार में बाइक को खड़ा कर सब्जी खरीदने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में गांधीनगर निवासी पंकज भाई पटेल आ. अभिनंदन पटेल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि पिता, बहू व भाई की तबीयत खराब होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 22 मार्च को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीआर 6905 को अस्पताल के सामने खड़ा कर वार्ड में चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक गायब थी। बाइक के नहीं मिलने पर बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## पेज 1 के शेष...

### यास्मीन देश और दुनिया में पहुंचाना...

पर देखती थी तो उनकी भी इच्छा इस तरह की प्रतियोगिताओं में हिस्सा होती थी। यही वजह है कि वे अपने घर में भी तरह तरह के पकवान बनाकर परिवार के सदस्यों को परोसती रहती थी। इसके साथ ही उनके भाई महफूज अंसारी को भी खाना बनाने का शौक था। भाई-बहन के कुकिंग प्रतियोगिता में ग्लोबल स्तर पर शामिल होने का सपना उस वक्त पूरा हुआ जब नवम्बर महीने में उन्हें शो की क्रिएटिव टीम ने फोन कर बुलाया। यास्मीन ने पहले से ही मास्टर शेफ के लिए ऑडिशन दिया था लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से शो ही शुरू नहीं हो पाया था। इस बार शो शुरू हुआ और कंपनी ने उन्हें जोड़ी में आकर प्रतियोगिता में शामिल होने को कहा। उन्होंने बताया कि 9 नवंबर को वे हैदराबाद ऑडिशन के लिए पहुंची और 10 नवंबर को अपने भाई के साथ ऑडिशन दिया। दो राउंड में उन्होंने अपने स्वाद और तकनीक से जजेस को प्रभावित किया। इसके बाद 18 नवंबर को उन्हें मुंबई के लिए बुलाया गया, जहाँ उन्होंने दो और राउंड सफलतापूर्वक पार किए। मुंबई में ही एक होटल मैनेजमेंट संस्थान में आयोजित एक घंटे के कुकिंग राउंड में भी यास्मीन ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद वह बेंगलुरु लौट आईं, लेकिन उनकी यात्रा यहीं खत्म नहीं हुई। जल्द ही उन्हें फाइनल मेगा ऑडिशन के लिए दोबारा मुंबई बुलाया गया।

### खदान के सामने किया चक्का जाम, पूरे दिन ठप रहा कोल परिवहन

# देर रात कार्रवाई कर मकान तोड़ने के मामले में फूटा लोगों का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- पांच सूत्रीय मांग को लेकर अड़े रहे प्रदर्शनकारी



सड़क पर बैठकर चक्काजाम करते ग्रामीण।

क्षेत्र के जगन्नाथपुर में देर रात बिना सूचना के मकान तोड़े जाने के मामले को लेकर लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। 25 मार्च की मध्य रात्रि एसईसीएल और पुलिस की कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को हजारों के संख्या में आक्रोशित ग्रामीण एवं कांग्रेसी नेताओं ने कोयला खदान के सामने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। साथ ही शासन प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। गत दिन आक्रोशित ग्रामीणों ने अवैध रूप से मकान तोड़ने को लेकर एसडीएम कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया था और चक्का जाम करने की चेतावनी दी थी। खदान के सामने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम करने से पूरे दिन कोल परिवहन पूरी तरह से ठप रहा। इधर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शाम तक प्रदर्शन कारी खदान के सामने डटे रहे।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्व. माखन मिंज के परिवार, जिसमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजू मिंज भी शामिल हैं, उनके मकान को बिना किसी पूर्व सूचना के देर रात पुलिस बल की मौजूदगी में तोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि उस समय परिवार के लोग घर के भीतर सो रहे थे और अचानक चारों ओर से पुलिस ने घर को घेर लिया, जिसके बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी गई। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों का कहना है कि इस कार्रवाई के दौरान घर में रखे कीमती सामान, नकदी, जेवर, जरूरी दस्तावेज और यहां तक कि मवेशियों का भी कोई पता नहीं चल पाया है। ग्रामीणों ने एसईसीएल और पुलिस पर मिलीभगत कर पूरे सामान को गायब करने का आरोप लगाया है तथा एसडीएम कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी। आज सुबह मदननगर, कनक नगर, सिलफिली, गुदरूदर और बोझ सहित अन्य गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और कोयला खदान के सामने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष बच्चे जगन्नाथपुर खदान के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने कोल परिवहन कर रहे ट्रकों को रोक दिया जिससे तनाव की स्थिति बनी रही। प्रदर्शन के दौरान , यहां कई बार झड़प की स्थिति भी निर्मित हुई वहीं ग्रामीणों का उग्र आक्रोश देखकर एसईसीएल और पुलिस विभाग में हड़कंप मचा रहा।कार्रवाई के विरोध में ग्रामीणों ने साफ कहा कि एसईसीएल और पुलिस के इशारे पर काम कर रही है। जहां गरीबों की घर और उनकी आवाज दबा दी जा रही है। इधर अधिकारियों ने कई बार समझाने का प्रयास किया मगर आंदोलनकारी किसी की नहीं सुनी और आमसभा चक्का जाम उग्र रूप ले लिया है वही प्रदर्शन कारी अपनी पांच सूत्रीय मांग को लेकर मौके पर कलेक्टर एवं एसईसीएल जी एम को बुलाने की मांग पर अड़े हुए है। अधिकारियों के नहीं आने पर शाम तक चक्का जाम जारी रहा। इस दौरान पूर्व विधायक भानु प्रताप सिंह, विद्या सागर सिंह, अनिल गुप्ता, नवीन जायसवाल, संजू श्रीवास्तव, त्रिभुवन सिंह टेकाम, सुरेश आयाम, शशि सिंह अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सहित स्थानीय कांग्रेसी नेता के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर डटे हुए हैं।

**वाहनों की लगी रही कतार**

जगन्नाथपुर खदान के सामने मुख्य मार्ग पर सुबह 11 से चक्का जाम शुरू किया जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इधर खदान परिसर में मौजूद वाहन भी खदान परिसर में पूरे दिन खड़े रहे। ग्रामीणों द्वारा चक्का जाम करने से पूरे दिन कोल परिवहन पूरी तरह से ठप रहा। इधर प्रदर्शनकारी अपनी पांय सूत्रीय मांगों को लेकर अड़े रहे वहीं अधिकारियों के नहीं आने से ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए और खदान प्रबंधन व प्रशासन के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। महिलाओं का उग्र रूप देखकर शासन प्रशासन अधिकारियों के हाथ पैर फूलने लगे।



## मंत्री राजवाड़े ने 600 छात्राओं को दिखाई द केरल स्टोरी 2

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बेटियों के सुरक्षित और सशक्त भविष्य के लिए सामाजिक विषयों से कराया गया अवगत

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न महाविद्यालयों की लगभग 600 छात्राओं को सामाजिक विषय पर आधारित फिल्म द केरल स्टोरी 2 दिखाई गई।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में बेटियों को शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को समाज में घटित होने वाली विभिन्न परिस्थितियों और चुनौतियों की जानकारी मिलना जरूरी है, ताकि वे सही निर्णय लेने में सक्षम बन सकें और अपने जीवन को सुरक्षित एवं सशक्त दिशा दे सकें। उन्होंने कहा कि बेटियों का आत्मविश्वास और जागरूकता ही उनके सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता करते हुए सामाजिक मुद्दों पर आधारित इस फिल्म को देखा और महत्वपूर्ण संदेशों से अवगत हुईं। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और पहलों के जरिए बेटियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश की हर बेटी शिक्षा, सुरक्षा और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़े तथा समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने फिल्म के माध्यम से सामाजिक विषयों को समझने और स्वयं को सतर्क एवं आत्मविश्वासी बनाने की बात कही। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, महाविद्यालय के प्राध्यापक, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।




## सूने मकान से गैस सिलेंडर व बर्तन चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूने मकान से बर्तन, गैस सिलेंडर की चोरी करने के मामले में वाड्रफनगर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार वाड्रफनगर वार्ड क्रमांक 5 निवासी डॉ. प्रभात रंजन उपाध्याय 20 मार्च को किसी काम से घर में ताला लगाकर बाहर गए हुए थे। इस दौरान देर रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बक्से का ताला तोड़कर कांशा का लोटा 16 नग, गिलाश 11 नग, कटोरा 29 नग, थानी 9 नग, गैस सिलेण्डर समेत लगभग 84 हजार 300 रूपए का सामान पार कर दिया था। घर लौटने के बाद चिकित्सक ने 23 मार्च को घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में चौकी अंतर्गत ग्राम कोटराही निवासी 21 वर्षीय चनद्रिका कुश्वाला आ. तेजबली, वाड्रफनगर वार्ड क्रमांक 7 निवासी दीपक प्रजापति आ. मनोज प्रजापति, वार्ड कमांक 5 निवासी 33 वर्षीय संदीप कुशवाहा आ. अप्रबल कुशवाहा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

पुलिस ने मामले में आरोपियों को बीएनएस की धारा 305, 341(4), 317(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज करने के साथ चोरी किया गया सम्पूर्ण सामान बरामद कर लिया गया है।

## गायत्री खदान के कोल स्टॉक में पत्थर होने से डीओ होलडर्स की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- ख़राब गुणवत्ता के कोयला उठाव होने से मांग में आई कमी, फैक्ट्री समेत अन्य पार्टियों ने मिश्रित कोयला लेने से मना किया



एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री भूमिगत खदान में इन दिनों कोयला के साथ पत्थर मिश्रित होने से डीओ होल्डरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, डीओ होल्डरों का आरोप है कि पिछले एक महीने से खदान प्रबंधन लगातार आश्वासन दे रहा है कि 2-3 दिन में फ्रेश कोयला का उत्पादन व सप्लाई होने लगेगी,लेकिन हकीकत यह है कि आज तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ,खदान से निकलने वाला अधिकांश कोयला पत्थर मिश्रित है,जिससे पार्टियों व व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।कोयले के नाम पर पत्थर मिलने से व्यापारियों की पूरी गणना बिगड़ गई है,डीओ होल्डरों का यह भी आरोप है कि खरीदा गया कोयला बाजार में बेचने लायक नहीं और परिवहन और मजदूरी का खर्च अलग से उठाना पड़ रहा है।कोयला की गुणवत्ता खराब होने की वजह से फैक्ट्री समेत अन्य पार्टियां भी अब सप्लाई लेने से मना करने लगे हैं,ज्ञात हो कि एसईसीएल की नीति के अनुसार पहले कोयले का ग्रेड के अनुसार ऑक्शन होता है और व्यापारी निर्धारित रेट व फीस के अनुसार पूरी पेमेंट जमाकर कोयला खरीदता है,खदान से कोयला उठाने के लिए 45 दिन की टाइम लिमिट प्रदान की जाती है।डीओ होल्डरों के अनुसार यदि 45 दिनों में कोयला नहीं उठाया गया,तो सम्बंधित डीओ स्वयं लैप्स मान लिया जाता है जिस कारण से बड़ी आर्थिक क्षति से बचने के लिए डीओ होल्डरों को समय रहते सम्बंधित ग्रेड के कोयले का उठाव कराना जरुरी होता है,लेकिन क्षतिपूर्ति के लिए प्रबंधन की तरफ से कोई स्पष्ट जवाबदेही तय नहीं है,गायत्री खदान में ख़राब गुणवत्ता का कोयला मिलने एवं मांग व सप्लाई कम हो जाने से डीओ होल्डरों को मार्च क्लोज़िंग के समय में आर्थिक नुकसान होना तय माना जा रहा है, डीओ होल्डरों ने एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि खदान में गुणवत्ता सुधार के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए।लैप्स हुए कोयले पर की जाने वाली कटौती खत्म हो और हो चुके नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिया जाए,साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में गायत्री खदान के मैनेजर जनार्दन सिंह ने बताया कि कोयला की आपूर्ति डीओ होल्डरों को नियमानुसार की जा रही है,मशीनों के ब्रेक डाउन होने की वजह से कभी कभी परेशानी होती है, लेकिन उसे सुधार कर फ्रेश कोयला की ही सप्लाई डीओ होल्डरों को की जा रही है,कोयला के साथ जो पत्थर आता है, जिसे अलग कराकर छंटनी करा दिया जाता है।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन 17 अप्रैल तक

**बलरामपुर।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार के लिए 18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक तथा जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक किया जाएगा।

विद्यार्थी 1 मई से 9 मई के बीच अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग ने जानकारी दी है कि प्रयास आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।

### बेडमिंटन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मनीषी को मिला ब्रांज मैडल

**बिलासपुर।** गोवा में हो रहे योनेक्स सनराइस 48वां मास्टर्स नेशनल बेडमिंटन चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से 45 वर्ष की आयु वर्ग में मनीषी सिंह ने ब्रांज मैडल हासिल कर एक बार फिर से प्रदेश का नाम रोशन किया है। मनीषी सिंह ने अपने सिंगल्स में सबसे पहले कल्पना अग्रवाल को सीधे सेटो में 21-13,21-13 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इसके बाद दिल्ली की खिलाड़ी निवेदिता को 21-4,21-17 से हराकर क्वार्टर फाइनल राउंड में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल राउंड में इनका मुकाबला हैदराबाद की खिलाड़ी स्वेता वायकर से हुआ जिसे 21-13 से पहला सेट हारने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए कड़े मुकाबले को 21-17,21-19 से अपने नाम किया । सेमीफाइनल में असम की खिलाड़ी विदिशा बोरा से कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद मनीषी सिंह को गोवा के सचिव द्वारा ब्राउंज मैडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस जीत से मनीषी सिंह के परिवार एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के सभी लोग उत्साहित हैं।



## बाइक सवार को टक्कर मारते 40 फीट गहरे खाई में गिरा ट्रैक्टर, बाल-बाल बचे सवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर



बाइक सवारों को टक्कर मारते तेज रफ्तार ट्रैक्टर सड़क किनारे लगभग 40 फीट खाई में गिर गई। दुर्घटना में बाइक सवार और ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गए। पुलिस जांच में जुटी गई है।

अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित कुंवरपुर जलाशय मोड़ के पास 25 मार्च की रात लगभग 7.30 बजे बाइक सवारों को टक्कर मारते हुए ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगभग 40 फीट खाई में गिर गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया वहीं बाइक सवार दोनों युवक बाल बाल बच गए और दोनों को मामूली चोटे आई। सूचना मिलते ही एसडीओपी तुल सिंह पट्टावी, तहसीलदार अंकिता पटेल, थाना प्रभारी संपत पोटाई, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। बाइक सवार युवकों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया जहां उपचार के बाद दोनों युवक अपने घर चले गए। फिलहाल लखनपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## निजी कंपनी के सेल्स मैनेजर ने होटल में लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शहर में निजी कंपनी के काम के सिलसिले में आए सेल्स मैनेजर ने होटल के कमरा नम्बर 109 में फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार जबलपुर अंतर्गत हरदौली मुख्य मार्केट निवासी मो. इरफान आ. इब्राहिम (28 वर्ष) एक निजी कंपनी में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत था। 25 मार्च को कंपनी के काम के सिलसिले में शहर आया था और शहर के सत्तीपारा दिवान तालाब के समीप एक होटल के कमरा नम्बर 109 में रुका था। सुबह होटल के स्टाफ से पानी मंगा कर पिया उसके बाद कमरे को बंद कर लिया। इसी बीच पत्नी ने होटल में फोन कर बताई कि उसके पति के मोबाइल से बात नहीं हो पा रही है और बात कराने को कहा। जब होटल स्टाफ कमरा नम्बर 109 में गए तो देखा दरवाजा अंदर से बंद है। आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो होटल संचालक ने घटना की सूचना डायल 112 टीम को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच खिड़की से देखा तो युवक चादर से पंखा के सहारे फांसी में लटका हुआ था। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला और शव को नीचे उतरवाया। साथ ही घटना की सूचना परिजन को दी गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411